for more materials visit www.educationobserver.com/forum

**Series : SKS/1**

कोड नं.
**Code No. 69/1**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# गृह विज्ञान

## (सैद्धान्तिक)

# HOME SCIENCE

## (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घंटे]* *[ अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours]* *[Maximum Marks : 70*

**सामान्य निर्देश :**

*(i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii) इसमें कुल 30 प्रश्न हैं ।*

*(iii) प्रश्न 1-5 तक 1-1 अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर **एक** या **दो** लाइन में दीजिए ।*

*(iv) प्रश्न 6 से 19 तक 2-2 अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर 10-20 शब्दों में दीजिए ।*

*(v) प्रश्न 20 से 26 तक 3-3 अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर 20-30 शब्दों में दीजिए ।*

*(vi) प्रश्न 27 से 30 तक 4-4 अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर 40 शब्दों में दीजिए ।*

*(vii) जहाँ भी आवश्यक हो अपने उत्तर के समर्थन में उचित उदाहरण दीजिए ।*

for more materials visit www.educationobserver.com/forum

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *There are total* ***30*** *questions.*

*(iii)* *Questions* ***1 – 5*** *are for* ***1*** *marks, to be answered in* ***one*** *or* ***two*** *lines.*

*(iv)* *Questions* ***6*** *to* ***19*** *are of* ***2*** *marks, to be answered in* ***10 – 20*** *words.*

*(v)* *Questions* ***20*** *to* ***26*** *are of* ***3*** *marks, to be answered in* ***20 – 30*** *words.*

*(vi)* *Questions* ***27*** *to* ***30*** *are of* ***4*** *marks, to be answered in* ***40*** *words.*

*(vii)* *Support your answer with suitable examples wherever required.*

1. नाबालिग बड़ी बहन द्वारा बच्चे की देख-रेख किये जाने में कौन सी दो कमियाँ हो सकती हैं, बताइए । **1**
Mention two drawbacks of a situation where a child is left in the care of a minor older sister.

2. पोशाक के लेबल पर उसे ब्लीच व टम्बल ड्राई करने के निर्देश दर्शाने के लिए एक-एक चिह्न बनाइए । **1**
Draw symbols for a care label to indicate that the dress can be bleached and tumble dried.

3. एक वर्षीय बच्चे की भाषा के दो गुण बताइए । **1**
List two characteristics of language of a one year child.

4. दो वर्ष के लिए, बैंक में आवर्ती जमा खाता खोलने के दो लाभ बताइए । **1**
Mention any two advantages of opening a recurring deposit account for two years.

5. रिंकू अभी एक माह का है । दो वर्ष का होने पर उसके शरीर के अनुपात में कौन से दो बदलाव आएँगे जो आसानी से देखे जा सकते हैं ? **1**
Rinku is now one month old. List two noticeable changes in his body proportion which can be easily noticed when he is two years old.

6. तीन वर्षीय बंटी अपने चाचा से शर्म महसूस कर रहा है । उसके कौन से चार व्यवहारों के कारण आप इस निष्कर्ष तक पहुँच पाये हैं, बताइए । **2**
Three year old Bunty is feeling shy of his uncle. Mention his four behaviours which enable you to reach this conclusion.

7. पोशाक के लिये कपड़े की दिखावट (appearance) को कौन से चार कारक प्रभावित करते हैं, बताइए । **2**
List four factors which influence the appearance of a dress material.

8. एगमार्क की मुख्य भूमिका क्या है ? ऐसे दो खाद्य पदार्थ बताएँ जिन पर यह चिह्न लगाया जाता है । **2**
What is the specific role of Agmark ? Name two food products bearing this mark.

9. कपड़ों के विक्रेता अपने ग्राहकों को अकसर किन चार तरीकों से धोखा देते हैं, बताइए । **2**
State four ways a cloth merchant often uses to cheat his customers.

10. साड़ी व ब्लाऊज़ में लय पैदा करने के दो तरीके बताइए । **2**
Illustrate two ways by which you can create rhythm in a sari and a blouse.

for more materials visit www.educationobserver.com/forum

11. बताइए एक बस चालक की पोशाक का चयन करते समय आप कौन सी चार बातों को ध्यान में रखेंगे । 2
State four points you would consider while selecting clothes for a driver of a bus.

12. एक सिली सिलाई पैन्ट की खरीद करते समय आप उसकी कौन सी चार सम्भावित कमियों की ओर विशेष ध्यान देंगे ? 2
Specify four possible drawbacks in a readymade pant that you propose to buy.

13. भोजन तैयार करते समय एक रसोईए की चार ऐसी आदतों की पहचान कीजिए जो अस्वच्छ हो सकती हैं । 2
Identify four unhygienic habits a cook might have, while he is cooking food.

14. भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) किन चार परिस्थितियों में सेब के जैम को मिलावटी घोषित कर सकता है, लिखिए । 2
Write four conditions under which apple jam can be declared as adulterated by FSSAI (Food Safety and Standard Authority of India).

15. स्तनपान कराने वाली माता को नियमित रूप से आई सी डी एस केन्द्र जाने के चार कारण बताकर प्रेरित कीजिए । 2
Giving four reasons convince a lactating mother to visit the ICDS centre regularly.

16. पोशाक पर से स्याही के दाग हटाने के पश्चात शीला को उस पर रसायन के धब्बे दिखाई दिए । इससे बचने के लिए, उसे कौन सी चार सावधानियाँ बरतनी चाहिए थी ? 2
After removing ink stains from her dress, Sheela found spots of chemical on it. State four precautions she should have taken in order to avoid this problem.

17. सर्दी समाप्त होने पर ऊनी वस्त्रों को सम्भाल कर रखने की आवश्यकता क्यों होती है ? बताइए इन्हें सम्भाल कर रखते समय आप कौन सी दो सावधानियाँ बरतेंगे । 2
Why should we store woollens once winter is over ? Mention two important precautions that we need to take while storing them.

18. एक परिवार की दूध की दैनिक आवश्यकता अकसर बदलती रहती है । इस परिवार में दूध पर होने वाले प्रति सप्ताह के व्यय का हिसाब किताब लिखने का प्रारूप (फोरमेट) तैयार कीजिए । 2
A family's daily requirement for milk changes frequently. Prepare a format to record its per week expenditure on milk.

19. "गृह विज्ञान के अध्ययन से स्व-रोजगार के अनेक अवसर उत्पन्न होते हैं ।" इस कथन की पुष्टी गृह विज्ञान के किन्हीं चार क्षेत्रों से एक-एक उदाहरण देकर कीजिए । 2
"Home Science offers a wide range of self employment opportunities." Support this statement with one example each from its any four fields.

20. बिजली के फिल्टर द्वारा पानी को पीने योग्य बनाने के चार लाभ बताएँ । ऐसे फिल्टर से पानी हमेशा पीने योग्य मिले इसके लिये कौन सी दो सावधानियाँ अपनाएँगे ? 3
Write four benefits of using an electric water filter. List two specific precautions you would adopt if you are using such a filter for potable water.

21. दस्त लगने पर जीवन रक्षक घोल देने के दो कारण बताइए । इसे घर पर कैसे तैयार किया जा सकता है ? 3
Write two reasons for giving ORS during diarrhoea. How can it be prepared at home ?

for more materials visit www.educationobserver.com/forum

22. केसरी दाल की मिलावट वाले खाद्यों के सेवन से स्वास्थ्य पर होने वाले दो कुप्रभाव बताइए । खाद्यों में यह मिलावट किस प्रकार की जाती है और आप इसे कैसे पहचानेंगे ? 3

Specify two health hazards of consuming foods adulterated with kesari dal. How is this adulteration carried out and how will you identify it ?

23. मौद्रिक व वास्तविक आय में एक अंतर बताइए । अपनी संपत्ति का प्रयोग कर एक परिवार इन्हें बढ़ा सके इसके दो-दो सुझाव दीजिए । 3

State one difference between money and real income. Suggest two ways each a family can increase these with the use of their assets.

24. आपने मासिक आय योजना (MIS) को न चुनकर लोक भविष्य निधि (PPF) में निवेश करने का चुनाव क्यों किया ? इसके तीन कारण बताइए । 3

Justify with three reasons as to why you have chosen to invest in Public Provident Fund (PPF) Scheme and not in Monthly Income Scheme (MIS).

25. एक माँ को किन दो-दो संकेतों द्वारा पता चलता है कि उसके एक वर्षीय बच्चे का सामाजिक, गत्यात्मक व ज्ञानात्मक विकास सामान्य है ? 3

Identify two indicators each which help a mother to know that her one year old child has normal social, motor and cognitive development.

26. खसरे के तीन ऐसे विशेष लक्षण लिखिए जिनके द्वारा आपको इस रोग को पहचानने में मदद मिल सकती है । इस रोग से पीड़ित बच्चे की देखभाल से सम्बन्धित तीन मुख्य बातें लिखिए । 3

Write three specific symptoms of measles which are helpful in identification of this disease and three important points to take care of child suffering from it.

27. कक्षा में उपस्थित विद्यार्थी जो ऊँचा सुनता है, की मानसिक व शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में अध्यापिका किन चार तरीकों से मदद कर सकती है ? सुझाव दीजिए । 4

Suggest four ways each a teacher can help to meet the psychological and educational needs of a child in her class who is hard of hearing.

28. उपभोक्ता न्यायालय में शिकायत दर्ज करने की विधि विस्तार से समझाइए । 4

Elaborate the procedure of filing a complaint in a consumer forum.

29. "सूती व ऊनी वस्त्रों को अलग-अलग तरीकों से धो कर तैयार किया जाता है ।" इस कथन की पुष्टी उपयुक्त उदाहरण देकर कीजिए । 4

"Cotton and woollen clothes are laundered using different ways." Support this statement with the help of suitable examples.

30. दोपहर के भोजन में, एक परिवार को आलू टमाटर की रसे वाली सब्जी, चावल व दही परोसी गई है । दूसरी तिमाही में आई एक गर्भवती महिला के लिए यह आहार कहाँ तक उपयुक्त है ? इस भोजन को यदि इस गर्भवती महिला को परोसा जाना है तो उसमें आप किन-किन आसान बदलाव का सुझाव देंगे । 4

A family has been served potato and tomato curry, rice and curd for lunch. How far this meal is suitable for a pregnant woman in second trimester ? Suggest some easy modifications in the meal to make it suitable for her.

---